अत्यंत महत्वपूर्ण
वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023

पत्रांक : केन्द्रीय (मा०)–328/22 के०-65

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक–17/01/2023

**विषयः वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले वैसे परीक्षार्थी, जिनका शुल्क जमा नहीं रहने के कारण प्रवेश–पत्र जारी नहीं किया गया था, ऐसे परीक्षार्थियों के छात्रहित में प्रवेश पत्र जारी करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले वैसे परीक्षार्थी, जिनका पंजीयन एवं/अथवा परीक्षा शुल्क जमा नहीं रहने के कारण प्रवेश–पत्र जारी नहीं किया गया था, उन परीक्षार्थी का भी प्रवेश पत्र छात्रहित में समिति के वेबसाइट **http://secondary.biharboardonline.com** पर जारी कर दिया गया है, जो **दिनांक 13.02.2023 तक अपलोड रहेगा।**

**2.** तद्नुसार संबंधित विद्यालयों के प्रधान द्वारा अपने निर्दिष्ट छात्र/छात्राओं का प्रवेश–पत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर अपने हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ संबंधित परीक्षार्थी को अविलंब प्राप्त करायेंगे तथा डाउनलोड किये गये प्रवेश–पत्र के आधार पर एक समेकित विवरण पंजी तैयार कर सुरक्षित संधारित करेंगे। साथ ही विद्यालयों के प्रधान द्वारा ऑनलाइन छात्र/छात्राओं के पंजीयन एवं/अथवा परीक्षा आवेदन मद में बकाया शुल्क **दिनांक 25.01.2023** तक अनिवार्य रूप से जमा करेंगे। यदि उक्त निदेश के बावजूद भी किसी छात्र/छात्रा का बकाया शुल्क निर्धारित तिथि तक जमा नहीं किया जाता है, तो वैसे परीक्षार्थियों का परीक्षाफल लम्बित रखा जा सकता है। इससे उत्पन्न होने वाली किसी भी समस्या/कठिनाई के लिए संबंधित विद्यालय के प्रधान पूर्णरूपेण जिम्मेवार होंगे।

**3.** विदित हो कि उक्त आलोक में समिति द्वारा विज्ञप्ति संख्या–**पी0आर0 15/2023 आज दिनांक 17.01.2023** को दैनिक समाचार पत्रों में प्रसारित की जा चुकी है तथा इसकी प्रति **ज्ञापांक–केन्द्रीय (मा0)–328/22–के० 57, दिनांक 16.01.2023** के द्वारा आपके ई–मेल आई0डी0 पर भी प्रेषित है। प्रवेश–पत्र वितरण की पूरी प्रक्रिया में कोविड–19 के S.O.P (Standard Operating Procedure) तथा कोविड अनुकूल व्यवहार का ध्यान अवश्य रखा जाय।

**4.** वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है कि उपर्युक्त कंडिका एवं प्रसारित विज्ञप्ति में अंकित निदेश के आलोक में अनिवार्य रूप से कार्रवाई हेतु अधीनस्थ सभी विद्यालयों के प्रधान को निदेशित करने की कृपा की जाय ताकि किसी छात्र/छात्रा को प्रवेश पत्र प्राप्त कराना शेष न रहे एवं उनका बकाया शुल्क लंबित न रहे।

**5.** कृपया इसे अत्यंत महत्वपूर्ण समझा जाय।

विश्वासभाजन,
17.01.23

17/1/23 17/1/23 **परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)–328/22 के०-65 / पटना, दिनांक : 17/01/2023